(अत्यावश्यक)

कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–स / पर्यावरण (36) / वो–2 / 2025 / दिनांक : As in E-Sign

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– ईको क्लब फोर मिशन लाईफ पोर्टल के क्रम में।
प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्र क्रमांक : RCScE/JP/AS&FE/ 2024&25 दिनांक : 14.04.2025
सन्दर्भ :– संयुक्त सचिव (कॉर्डिनेशन एण्ड मीडिया), स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली का अ.शा. पत्र दिनांक : 09 अप्रैल, 2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंग एवं सन्दर्भितानुसार मिशन लाइफ के लिए **इको क्लब** का गठन विद्यालयी छात्र–छात्राओं के बीच पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देने और आयु आधारित सार्थक पर्यावरणीय गतिविधियों / परियोजनाओं को अपनाने में सक्षम बनाने हेतु किया गया है। मिशन लाइफ के लिए इको क्लब की गतिविधियों को समग्र शिक्षा के तहत समर्थन दिया जाता है।

उक्त क्रम में अवगत करवाया गया है कि इको क्लबों के अन्तर्गत आयोजित गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने के लिए, एक समर्पित पोर्टल (https://ecoclubs.education.gov.in/) विकसित किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य देश भर के विद्यालयों द्वारा की जाने वाली पर्यावरण गतिविधियों को अपलोड करने और निगरानी करने के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करना है। प्रासंगिक पत्र के साथ उक्त पोर्टल का मैनुअल संलग्न किया गया है, ताकि प्लेटफ़ॉर्म को सुचारू रूप से अपनाने के लिए चरण–दर–चरण मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके।

इसी क्रम में प्रसंग एवं सन्दर्भितानुसार लेख है कि उक्त पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन और उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल संकाय और नोडल अधिकारियों को पोर्टल की विशेषताओं और उपयोग से परिचित करवाने बाबत एक विशेष **ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन दिनांक : 16.04.2025 को सुबह 10:30 बजे ऑनलाईन मोड (यूट्यूब लाइव) के माध्यम से** किया जाना प्रस्तावित है। ऑनलाइन सत्र का लिंक निम्नानुसार है :–

https://www.youtube.com/live/W5ZJdfrs1pY?feature=shared

अतः उल्लिखितानुसार निर्देशित किया जाता है कि राज्य के समस्त विद्यालयों के संस्था–प्रधान एवं मिशन लाईफ के लिए इको क्लबों के नियुक्त प्रभारी उक्त ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र में अनिवार्य रूप से जुड़ना सुनिश्चित करेंगे।

नोट :– इसी क्रम में समस्त संस्था–प्रधानों द्वारा उक्त पोर्टल पर दिनांक : 16.04.2025 को अनिवार्यतः लॉगिन किया जायेगा एवं दिनांक : 22 अप्रैल, 2025 (विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर) को आयोजित गतिविधियों का विवरण पोर्टल पर अद्यतन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

RajKaj Ref No.: 14737847

अतः आप अपने क्षेत्राधिकार में उक्तानुसार वांछित निर्देश जारी कर प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न : यथोक्त।

(सीताराम जाट)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप-5) विभाग, जयपुर (जरिये ई-मेल)।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत (जरिये ई-मेल)।
5. निजी सहायक/स्टॉफ आफिसर, निदेशक, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई-मेल)।
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई-मेल)।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)-माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ (जरिये ई-मेल)।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई-मेल)।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

RajKaj Ref No.: 14737847